RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 27 मार्च 2024 | वर्ष 05 | अंक 335 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मनपा ने किया दावा
# मुंबई में पानी कटौती नहीं!

### जलापूर्ति करने वाले तालाबों में पर्याप्त पानी होने का दावा...

मुंबई। मनपा प्रशासन ने मुंबई में पानी कटौती नहीं होने के दावा किया है। मनपा प्रशासन ने जानकारी दी है की पिछले साल की अपेक्षा भले ही कम बारिश हुई है लेकिन मुंबई की जनता को पानी की कोई समस्या नहीं होगी। पिछले साल मुंबई को जलापूर्ति करने वाले तालाबों में 38.52 एम एल डी पानी शेष बचा था जबकि इस साल 26 मार्च को 31.93 एम एल डी पानी शेष बचा है जो कि पिछले साल की अपेक्षा लगभग 8 प्रतिशत कम है। पिछले पंद्रह दिनों से पाइप लाइन मरम्मत के लिए 5 प्रतिशत पानी कटौती शुरू है जो कि अभी और एक माह शुरू रहेगी।



बता दे कि मुंबई में सात तालाबों से जलापूर्ति की जाती है। मुंबई को जलापूर्ति करने वाले 7 तालाबों में से मात्र दो तालाब मुंबई में है जबकि अन्य 5 तालाब ठाणे और नाशिक जिले में है। पिछले साल मानसून समय से पहले चले जाने के कारण तालबो में अक्तूबर महीने में मानसून के खत्म होने तक लगभग 8 एम एल डी पानी कम हो गया था। मुंबई में रोजाना 3850 एम एल डी पानी स्पालई होती है। मनपा प्रशासन ने तालाबों में पानी की कमतरता को देखते हुए अप्पर वैतारना और भातसा के रिजर्व कोटे का पानी देने के लिए राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। राज्य सरकार द्वारा रिजर्व कोटे से पानी देने की अनुमति दिए जाने से मुंबई पर छाया पानी संकट दूर हुआ है।पानी संकट दूर होने के लिए समय पर मानसून आना भी अब जरूरी हो गया है।

मानसून का आगमन मुंबई में जून महीने के दूसरे सप्ताह में आ जाना चाहिए।मानसून समय पर नहीं आया तो पानी संकट गहरा सकता है। मुंबई शहर को जलापूर्ति करने वाले तालाबों में वर्ष 2022 के मुकाबले इस साल 10 प्रतिशत कम है जबकि पिछले साल के मुकाबले 8 प्रतिशत पानी तालाबों में कम हैं। पानी के संकट को दूर करने के लिए राज्य सरकार द्वारा रिजर्व कोटे से पानी देने की अनुमति दिए जाने के कारण कुछ हद तक पानी की समस्या दूर हुई है।

*इस तरह है तालाबों में शेष पानी*

| वर्ष | पानी एम एल डी | पर्तिशत |
|---|---|---|
| 2024 | 462160 | 31.93 |
| 2023 | 557479 | 38.52 |
| 2020 | 601051 | 41.53 |

## मुंबई-अहमदाबाद हाइवे लूट मामले में चार आरोपी हुए गिरफ्तार 4 करोड़ 87 लाख बरामद
# 5 करोड़ 15 लाख नकदी अन्य सामग्री जप्त!



**मुंबई** : मुंबई-अहमदाबाद हाइवे पर खानीवडे टोलनाका के पास पिछले दिनों सूरत से मुंबई आ रहे आंगडिया से पांच करोड़ रुपये की लूट हुई थी। इस मामले की गुत्थी क्राइम ब्रांच यूनिट-3 ने सुलझा ली है। क्राइम ब्रांच ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को पुलिस अधिकारी बताकर लूटपाट की घटना को अंजाम देते थे। जानकारी के अनुसार, कालबा देवी निवासी श्रावण शंकरजी ठाकुर (24) आंगडिया है। रविवार रात वह अपने ड्राइवर बाबु स्वामी और अक्षय ठाकुर के साथ क्रेटा कार से सुरत से मुंबई आ रहे थे। कार में पांच करोड 15 लाख रुपये थे। रात 9 बजे जैसे ही उनकी कार मुंबई-अहमदाबाद हाइवे पर खानीवडे टोलनाका के पास पहुंची, उनके ड्राइवर ने कार रोक दी। वह अपना मुंह धोने लगा, तभी एक वैगनआर कार में सवार पांच लोग वहां आए और खुद को पुलिस बताया। उन्होंने स्वामी को अपनी कार में बैठा लिया, और तीन लोग उनकी कार में आकर बैठ गए। उन्होंने शंकर ठाकुर व अक्षय ठाकुर को हाइवे पर कुछ देर इधर-उधर घुमाया और एक जगह उतारकर उनकी कार, पांच करोड़ 15 लाख नकदी और तीन मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। आरोपियों ने यह कार विरार बरफ पाडा के पास छोड़ दी थी। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने आंगडिया व्यापारी के चालक बाबु स्वामी सहित चार लोगों को हिरासत में लिया है।

# महायुति के सीट आवंटन में नया मोड़!
## छगन भुजबल लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में...?

मुंबई : लोकसभा चुनाव के लिए अभी तक महागठबंधन में सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है। हालांकि बीजेपी ने कुछ सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, लेकिन कुछ सीटों पर अभी भी खींचतान बनी हुई है। ऐसे में महायुति के सीटों के बंटवारे में नया मोड़ देखने को मिल सकता है। खबर है कि छगन भुजबल लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। लोकसभा की समीक्षा भुजबल कर रहे हैं। बीजेपी और शिंदे गुट के बीच विवाद में नासिक सीट पर एनसीपी की नजर है। खबर है कि छगन भुजबल और बीजेपी नेताओं के बीच बातचीत चल रही है।



### नासिक से भी धरपकड़ जारी है

फिलहाल नासिक से शिवसेना नेता हेमंत गोडसे सांसद हैं। वे दोबारा नामांकन कराने की जिद कर रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे सांसद श्रीकांत शिंदे ने कुछ दिन पहले बात करते हुए ऐलान किया था कि हेमंत गोडसे महागठबंधन के उम्मीदवार होंगे। इसके बाद महागठबंधन खासकर बीजेपी के नेता और कार्यकर्ता नाराज हो गये। बीजेपी नेता, पूर्व नगरसेवक दिनकर पाटिल ने गोडसे की उम्मीदवारी का विरोध किया है। अतः यह देखा जा सकता है कि नासिक की सीट से महायुति में स्थायी दरार पड़ गयी है। इसके अलावा खबर है कि छगन भुजबल भी चुनाव लड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

### वास्तव में क्या होगा?

छगन भुजबल और उनकी टीम नासिक निर्वाचन क्षेत्र में परीक्षण कर रही है। तो अगर इस स्थान पर सकारात्मक स्थिति देखने को मिलती है। हालांकि, एनसीपी उम्मीदवारी की मांग कर सकती है। अजित पवार गुट यह रुख अपना सकता है कि अगर बीजेपी और शिंदे गुट के बीच विवाद हुआ तो हम यहीं से लड़ेंगे। इस बीच छगन भुजबल ने इस सब पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### भुजबल ने निर्वाचन क्षेत्र में निरीक्षण शुरू किया

नया मोड़ ऐसे वक्त आया है जब नासिक सीट को लेकर महागठबंधन के रिश्तों में तल्खी आ गई है। छगन भुजबल द्वारा निर्वाचन क्षेत्र में परीक्षण किया जा रहा है। मराठा आंदोलन में छगन भुजबल की भूमिका चर्चा का विषय रही। उन्होंने मराठा समुदाय को ओबीसी से आरक्षण देने का विरोध किया. उनकी भूमिका का क्या असर हो सकता है? अगर भुजबल यहां चुनाव में खड़े होते हैं तो मराठा आरक्षण पर उनके रुख से उन्हें फायदा होगा या नुकसान? फिलहाल इसका परीक्षण किया जा रहा है।

# मुंबई साउथ से मौजूदा सांसद अरविंद सावंत होंगे एमवीए कैंडिडेट
## मुंबई में कांग्रेस कार्यालय में हुई बैठक में मिले इसके साफ संकेत...

**मुंबई :** महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों के लिए बीजेपी ने 23 और कांग्रेस ने सात उम्मीदवारों का ऐलान किया है। बीजेपी ने मुंबई की छह सीटों में दो सीटों के लिए अपने कैंडिडेट का ऐलान किया है। महाविकास अघाड़ी की तरफ से अधिकृत तौर पर मुंबई की किसी भी सीट पर उम्मीदवार का ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन मुंबई दक्षिण की सीट पर उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना यूबीटी नेता अरविंद सावंत का लड़ना तय माना जा रहा है। मुंबई दक्षिण की सीट पर वहीं महाविकास अघाड़ी के कैंडिडेट होंगे।



### कैंडिडेट के तौर पर रहे मौजूद

उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना की तरफ से 26 मार्च को कुछ कैंडिडेट के ऐलान की बात कही गई थी लेकिन सूची जारी नहीं हो पाई। महाराष्ट्र में पिछले दो सालों में बदली राजनीति के बाद कैंडिडेट के ऐलान में पहले आप वाला फॉमूर्ला चला रहा है। फंसी हुई सीटों पर एमवीए और महायुति के बीच वेट एंड वॉच की पॉलिसी चल रही है, लेकिन मुंबई दक्षिण की सीट पर उद्धव ठाकरे के करीबी सहयोगी और वर्तमान में यहां से अरविंद सावंत की उम्मीदवारी निश्चित है। मुंबई बैठक के दौरान कांग्रेस की अध्या वर्षा गायकवाड़ ने अरविंद सांवत को मुंबई दक्षिण से उम्मीदवार के तौर पर उन्हें पेश किया।

### दक्षिण से जीत की भरी हुंकार

मीटिंग के बाद कांग्रेस की मुंबई अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने लिखा कि जब आ गए हैं साथ, तो जीत है निश्चित। अन्याय को हराएंगे, न्याय का परचम लहराएंगे। गायकवाड़ ने लिखा कि मुंबई कांग्रेस कार्यालय में I.N.D.I.A गठबंधन के मित्रपक्षों की अहम बैठक संपन्न हुई। गायकवाड़ ने लिखा कि दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए हम मिलकर काम करेंगे। और पूरी ताकत से लड़कर हम भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे। मुंबई दक्षिण सीट से कांग्रेस और अविभाजित शिवसेना दोनों जीतते रहे हैं। 2019 में अरविंद सावंत ने कांग्रेस के उम्मीदवार मिलिंद देवड़ा को हराया था। अब वे एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना में शामिल हो चुके हैं। बैठक में आप के नेता भी शामिल हुए। मुंबई की वीआईपी सीटों में शामिल इस सीट पर 2024 के चुनाव में सेना श्२ सेना होने की उम्मीद है। इस सीट से एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के लड़ने की उम्मीद है।




# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## वैश्विक व्यापार रिपोर्ट का संस्करण...

संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन की वैश्विक व्यापार रिपोर्ट का मार्च संस्करण पिछले सप्ताह जारी किया गया। उसमें अनुमान जताया गया कि वर्ष 2023 में जहां वैश्विक व्यापार में एक लाख करोड़ डॉलर की कमी आई , वहीं यह भी कहा गया कि 2024 में यह रुझान बदल जाएगा। अंकटाड ने इस दावे का समर्थन करते हुए कहा कि चालू कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही में वस्तु एवं सेवा व्यापार में मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली है। इस वृद्धि के कारकों में वैश्विक मुद्रास्फीति में कमी और वैश्विक वृद्धि की मजबूती शामिल हैं। भारत के लिए यह अच्छी खबर है। घरेलू वृद्धि में व्यापार की हिस्सेदारी बढ़ाने की आवश्यकता है। कई निर्यात आधारित क्षेत्र बाहरी वृद्धि के रुझानों को लेकर खासे संवेदनशील हैं और आने वाले दिनों में बेहतर ऑर्डर बुक देखने को मिल सकती हैं। गोल्डमैन सैक्स के एक हालिया विश्लेषण में कहा गया कि भारत से संचालित सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवा कंपनियों के राजस्व में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 9 से 10 फीसदी की वृद्धि देखने को मिल सकती है। ऐसा दबी हुई मांग और जेनरेटिव आर्टिफिशल इंटेलिजेंस जैसे तकनीकी नवाचारों की बदौलत हो सकता है। वैश्विक व्यापार के समक्ष मौजूदा व्यापक जोखिमों को भी कम करके नहीं आंका जाना चाहिए। अंकटाड कई जोखिमों को चिह्नित करता है, उनमें से कुछ पर भारतीय नीति निमार्ताओं को सावधानीपूर्वक नजर रखनी चाहिए। 2024 के दौरान कुछ समय तक नौवहन मार्गों के बाधित बने रहने की आशंका है। यमन में स्थित हूती विद्रोहियों द्वारा पोतों पर हुए हमलों में ज्यादा जानें भले नहीं गईं लेकिन उन्होंने लाल सागर से गुजरने वाले मार्ग का जोखिम और बीमा राशि दोनों में इजाफा कर दिया है जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र से भूमध्यसागर की ओर होने वाले समुद्री व्यापार को प्रभावित कर रहा है। अंकटाड ने जिंस कीमतों में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव को भी एक संभावित समस्या के रूप में पेश किया। दो वर्ष पहले रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण ने ईंधन बाजार में उथलपुथल मचा दी थी। इसने कई जिंसों की आपूर्ति श्रृंखला के लिए भी दिक्कत पैदा कर दी थी जिसमें कृषि जिंस शामिल थीं। युद्ध कच्चे माल की लागत और व्यापार को प्रभावित कर रहा है और इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती है।

निश्चित तौर पर गत सप्ताह यह खबर भी थी कि अमेरिका ने रूसी तेल पहुंचाने वालों पर नए सिरे से प्रतिबंध लगाए हैं। इस बात ने भी भारतीय रिफाइनरी तक तेल की आपूर्ति में देरी की। इस तथा अन्य संघर्षों ने व्यापार नेटवर्क को प्रभावित किया है और इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती है। आखिर में अंकटाड ने भू-आर्थिकी को लेकर भी कुछ चिंताएं जताई हैं जो मोटे तौर पर आपस में जुड़ी हुई हैं। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में चीन के दबदबे की चिंताओं के वशीभूत कंपनियां और सरकारें दोनों अलग-अलग स्तर पर कदम उठा रही हैं। रिपोर्ट बताती है कि आपूर्ति श्रृंखलाएं लंबी हो रही हैं। एक ओर यह बात उन्हें गैर किफायती बना रही है और लागत बढ़ा रही है तो वहीं दूसरी ओर इससे भारत समेत कुछ देशों के लिए यह अवसर भी उत्पन्न हुआ है कि वे मूल्य श्रृंखला में अधिक प्रभावशाली बन सकें। निश्चित तौर पर भारत सरकार के सेमीकंडक्टर, मोबाइल फोन और इलेक्ट्रिक वाहनों से जुड़े कदमों के पीछे यही वजह है। परंतु अहम खनिजों पर व्यापार प्रतिबंधों जैसे संबद्ध विषयों से भी निपटना होगा।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# पुणे के अस्पताल में नर्स की लापरवाही से दो मरीजों को चढ़ा गलत ब्लड ग्रुप, जा सकती थी जान...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में पुणे के एक अस्पताल में मेडिकल स्टाफ की बड़ी लापरवाही सामने आई है. पुणे के औंध अस्पताल में दो मरीजों के ब्लड बैग की अदला-बदली होने से उनकी स्थिति बिगड़ गई. दोनों मरीजों को गलत ब्लड चढ़ा दिया गया. इसके बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा. डॉक्टरों की निगरानी में दोनों मरीजों का इलाज जारी है. ब्लड चढ़ाने के दौरान मरीज ने बेचैनी की शिकायत की, जिसके बाद मेडिकल स्टाफ की गलती सामने आई. दरअसल, शनिवार (23 मार्च) को पुणे के औंध सिविल अस्पताल में वरिष्ठ नागरिक सहित दो मरीजों को गलत ब्लड ग्रुप चढ़ा दिया गया, जिससे दोनों मरीज आईसीयू में पहुंच गए. दोनों एक दूसरे के बगल वाले बिस्तर पर इलाज करा रहे थे, लेकिन नर्स की लापरवाही की वजह से दोनों के ब्लड बैग बदल गए और गलत ग्रुप का ब्लड चढ़ा दिया गया.



टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक डॉक्टरों ने कहा कि मरीजों में कोई बड़ी प्रतिक्रिया नहीं हुई और वे निगरानी में हैं. जानकारी के मुताबिक दो मरीजों में से एक एनीमिया से पीड़ित (70+) और दूसरा (54) पेट और अंगों में सूजन को लेकर भर्ती कराया गया था. दोनों को ब्लड चढ़ाने की सलाह दी गई थी. अस्पताल ने कहा कि एक का ब्लड ग्रुप इ+ है, जबकि दूसरे का अ+ है. गड़बड़ी की पुष्टि करते हुए, औंध सिविल अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. नागनाथ येमपल्ले ने कहा कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के मरीज ने बेचैनी की शिकायत की, जिसके तुरंत बाद ब्लड ट्रांसफ्यूजन रोक दिया गया.

**नर्स को छुट्टी पर भेजा गया**

प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया है कि रोगी को प्रतिरक्षा बढ़ाने और हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सिफारिश की गई थी. इलाज करने वाले डॉक्टर ने दोनों रोगियों की अच्छी तरह से जांच की और रक्त चढ़ाने से पहले उनके ब्लड ग्रुप का भी उल्लेख किया. रोगियों की देखभाल करने वाली नर्स ने ब्लड चढ़ाने के समय गलती से ब्लड की थैलियां बदल दीं. सिविल सर्जन ने कहा कि हालांकि, इसकी वजह से दोनों मरीजों में कोई बड़ा रिएक्शन नहीं हुआ, लेकिन हम स्वीकार करते हैं कि यह एक बड़ी गलती है. हमने मामले की जांच शुरू कर दी है और जिम्मेदार नर्स को छुट्टी पर भेज दिया है. घटना की जांच के लिए एक तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जिसके आगे की कार्रवाई के लिए स्वास्थ्य उप निदेशक को सौंपे जाएंगे.

# महिला की हत्या के मामले में पति गिरफ्तार




**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में 38 वर्षीय व्यक्ति को बहस के दौरान अपनी पत्नी की कथित रूप से हत्या करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राघ्य धापसी ने 25 मार्च की रात मडगांव ग्राम में स्थित अपने घर पर अपनी पत्नी भारती धापसी (44) पर जानलेवा हमला किया। उन्होंने बताया कि राघ्या की शराब पीने की आदत को लेकर दोनों में तीखी बहस हो रही थी। उन्होंने कहा कि गुस्से में राघ्या ने लकड़ी का एक टुकड़ा उठाया और भारती को मार दिया जिससे वह जख्मी हो गई। महिला को सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कासा थाने के प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

# महाराष्ट्र में मस्जिद की दीवार पर लिखा गया 'श्री राम' का नारा, केस दर्ज



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में 25 मार्च को बीड में एक मस्जिद की दीवार पर 'श्री राम' का नारा लिखा हुआ मिला. एसडीपीओ धीरज कुमार ने कल कहा, ''एक कुख्यात व्यक्ति ने मरकज मस्जिद की दीवार पर 'श्री राम' लिखा था. घटना की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा. '' माजलगांव के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी धीरज कुमार ने कहा, ''शाम करीब 5 बजे कुछ असामाजिक तत्वों ने मस्जिद की दीवार पर 'श्री राम' लिख दिया. हमने धारा 295 (जानबूझकर किसी पूजा स्थल को नष्ट करने या अपवित्र करने के लिए) के तहत एफआईआर दर्ज की है. हम अपराधी का पता लगा रहे हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लेंगे.' यह नारा देर शाम मजलगांव में मरकजी मस्जिद मस्जिद की दीवार पर लिखा गया, जिसके बाद स्थानीय मुस्लिम समुदाय ने विरोध प्रदर्शन किया, जो मस्जिद और स्थानीय पुलिस स्टेशन के बाहर बड़ी संख्या में एकत्र हुए और कार्रवाई की मांग की.

मंगलवार को एसडीपीओ धीरज कुमार ने कहा, ''पुलिस आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लेगी.'' इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों ने दोषियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के अनुसार दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की भी बात कही है. उन्होंने समुदाय के लोगों को आश्वासन दिया है कि इसे जिस किसी ने भी किया है उस व्यक्ति की पहचान करने और उसे पकड़ने के लिए 24 घंटे के भीतर कार्रवाई की जाएगी. यहां बता दें, इलाके में तनाव बढ़ने के कारण किसी भी अन्य अप्रिय घटना को रोकने के लिए मस्जिद के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है.

# शक के चलते पति ने पार की हैवानियत की हदे...

## पत्नी और दो नाबालिग बेटियों को जिंदा जलाकर मार डाला

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में अहमदनगर से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है. सोमवार सुबह अहमदनगर के एक गांव में 45 वर्षीय किसान ने अपनी पत्नी और दो बेटियों को जिंदा जलाकर मौत के घाट उतार दिया. युवक ने अपनी एक 14 वर्षीय और एक छोटी बेटी को घर में बंदकर आग लगाकर मार डाला. पुलिस ने किसान को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपी की पहचान सुनील लांडगे के रूप में की है. यह घटना पिंपलगांव लांडगा गांव में घटी. पीड़ितों की पहचान उनकी पत्नी ललिता, जिसकी उम्र 35 साल, और उसके बच्चे साक्षी जिसकी उम्र 14 साल और खुशी जिसकी उम्र एक साल के रूप में की गई है.

सहायक निरीक्षक प्रल्हाद गीते ने कहा, ''सुबह 10.30 बजे, सुनील लांडगे ने अपने घर को बाहर से बंद कर दिया और खिड़की से पेट्रोल डाला. फिर उसने घर में आग लगा दी.'' अधिकारी ने कहा, ''जब तक पड़ोसियों ने अंदर फंसी महिला और बच्चों की चीखें सुनीं, तब तक घर आग की लपटों में घिर चुका था.'' सुनील ने भागने की कोशिश नहीं की



और पुलिस के आने तक वहीं रुका रहा. सुनील के तीन अन्य बच्चे हैं जिसमें दो बेटियां और एक बेटा अपने घर से लगभग 100 मीटर दूर अपने बड़े भाई और मां के साथ रहते हैं.

गीते ने खुलासा किया कि ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अपराधी को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था और वह अक्सर उसके साथ दुर्व्यवहार करता था. शनिवार की रात सुनील और उसकी पत्नी के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी. हताशा से अभिभूत होकर, उसने ललिता, साक्षी और खुशी को घर के अंदर बंद कर दिया और अपने रिश्तेदारों के निवास पर शरण ली, जहाँ उसने उन्हें विवाद के बारे में बताया. अफसोस की बात है कि उनकी दलीलें अनसुनी कर दी गईं. सोमवार की सुबह, सुनील पेट्रोल के एक कनस्तर से लैस होकर लौटा और घर में आग लगा दी, जिससे दुखद रूप से तीनों पीड़ितों की जान चली गई.




# ड्रग्स फैक्टरी से 100 किलो मादक पदार्थ बरामद !

**सांगली:** जिले के कवठे महाकाल के इरली इलाके में स्थित एक फैक्टरी में मुंबई पुलिस ने छापा मारकर 100 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स बरामद की है। बरामद ड्रग की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 150 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। मौके पर अभी भी छापामार कार्रवाई चल रही है, इसलिए इसकी अधिकृत जानकारी मुंबई पुलिस ने नहीं दी है।

जानकारी के अनुसार मुंबई पुलिस को सांगली के इरली में एमडी ड्रग बनाए जाने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी वजह से गोपनीय तरीके से मुंबई क्राइम ब्रांच पुलिस



ने पुलिस निरीक्षक नीरज उबाले के नेतृत्व में दस पुलिसकर्मियों की टीम को रविवार को ही मुंबई से रवाना कर दिया था। पुलिस टीम ने इरली पहुंचकर एमडी बनाने वाली फैक्टरी पर रात में छापामार कार्रवाई शुरू कर दी थी, जो अब तक जारी है। इस जगह पर जांच टीम के हाथ 100 किलो से ज्यादा एमडी ड्रग लगी है और इसकी जांच जारी है। साथ ही फैक्टरी कौन चलाता है, मजदूर कौन हैं, तैयार माल कहां और किसे सप्लाई किया जाता है, इसकी जानकारी ली जा रही है।

पुणे की क्राइम इन्वेस्टिगेशन टीम ने सांगली पुलिस की मदद से 15 दिन पहले कुपवाड में तीन जगहों पर छापेमारी कर 140 किलो ड्रग मेफ्ड्रान जब्त की थी और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इसी तरह आज भी सांगली में ड्रग कंपनी पर छापा मारा गया है। इससे लग रहा है कि सांगली जिला ड्रग का हब बन गया है और यहां और ड्रग के कारोबार की छानबीन भी की जा रही है।

# अपहरण के बाद मिली पांच साल की बच्ची, चार महिलाएं गिरफ्तार

**मुंबई :** महाराष्ट्र पुलिस ने मुंबई से किडनैप की गई पांच साल की बच्ची को 12 घंटे के भीतर ठाणे से बचा लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि इस घटना में चार महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि बच्ची का अपहरण कथित तौर पर बेचने के इरादे से किया गया था। हालांकि पुलिस की तेज कार्रवाई ने बच्ची को महज 12 घंटे के भीतर ही अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ा लिया है।

पुलिस ने मामले के जानकारी देते हुए कहा कि पकड़ी गई चार पकड़ी गई महिलाओं में दो सीधे तौर पर अपहरण में शामिल थी।



ठाणे शहर से सटे बालकुम इलाके से गिरफ्तार किया गया। बच्ची को बचाने के बाद उसके परिवार को सौंप दिया गया है। आरोपी महिलाओं ने पैसे कमाने के चक्कर में बच्ची को बेचने की योजना बनाई थी। अधिकारी ने बताया कि मुंबई से अपहरण के बाद बच्चे को ठाणे में रहने वाली चार महिलाओं में से दो के पास रखा गया था। यह घटना रविवार शाम की है, जब बच्ची होली मनाने के लिए गुब्बारे खरीदने निकली थी। उन्होंने बताया कि जब वह देर शाम तक घर नहीं लौटी तो उसके माता-पिता चिंतित हो गए और अपनी बेटी की तलाश शुरू कर दी। उपनगरीय भांडुप इलाके के कुछ निवासियों ने लड़की को दो महिलाओं के साथ एक ऑटो-रिक्शा में जाते देखा। अधिकारी ने कहा कि उनमें से एक, जिसकी पहचान बाद में खुशबू गुप्ता के रूप में हुई, उसी इलाके में रहती है।

# खुदाई के दौरान मिले दो प्राचीन मंदिरों के आधार

**बीड:** जिले के अंबाजोगाई के पास सकलेश्वर मंदिर परिसर में चल रही खुदाई के दौरान दो मंदिर के आधार मिलने की पुष्टि हुई है। इसकी जानकारी राज्य पुरातत्व के सहायक निदेशक अमोल गोटे ने दी। उन्होंने कहा कि खुदाई के दौरान हमें कुछ प्राचीन ईंटें भी मिली हैं। महाराष्ट्र के पुरातत्व विभाग के हाथ बड़ी सफलता लगी है। राज्य के बीड जिले के अंबाजोगाई के पास सकलेश्वर मंदिर परिसर में चल रही खुदाई के दौरान दो मंदिर के आधार मिलने की पुष्टि हुई है। पुरातत्व विभाग से जुड़े एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

मामले के जानकारी देते हुए अधिकारी ने बताया कि सकलेश्वर मंदिर का निर्माण तकरीबन 1228 ईस्वी में यादव राजवंश द्वारा किया गया गया, जो पहले मिले एक



शिलालेख के मुताबिक देवगिरि किले से शासन करते थे। इसे बाराखंबी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है।

राज्य पुरातत्व के सहायक निदेशक अमोल गोटे जानकारी देते हुए कहा कि सकलेश्वर मंदिर के परिसर में खुदाई 15 मार्च से शुरू हुई थी। प्रत्येक 100 वर्ग फुट की 14 खाइयां बनाई गई है। अपनी पुरातत्व खोज के दौरान हमें परिसर में दो मंदिरों के आधार मिले हैं, जिनमें से एक खोलेश्वर हैं। जिसका नाम एक यादव जनरल के नाम पर रखा गया है। खुदाई के दौरान हमें कुछ प्राचीन ईंटें भी मिली है। जो मंदिर के शिखर होने का प्रमाण देती है। साथ ही हाथ, पैर जैसे मूर्तिकला के हिस्से में खुदाई के दौरान सामने आए।

अमोल गोटे ने कहा कि इसी परियोजना के तहत हम अंबाजोगाई में प्राचीन स्मारकों का सर्वेक्षण भी करेंगे, जो क्षेत्र को विरासत गांव का दर्जा देने में बहुत मदद करेगा। अंबाजोगाई शहर को पहले के समय में अमरापुर, जयंतीपुर, जोगायम्बे के नाम से भी जाना जाता था। इसे हैदराबाद निजाम काल के दौरान मोमिनाबाद के नाम से भी जाना जाता था। इसमें हत्थीखाना, दासोपंत मंदिर, योगेश्वरी मंदिर जैसे अन्य स्मारक भी हैं।

गौरतलब है कि पिछले साल अगस्त माह में पुरातत्व विभाग को महाराष्ट्र के औरंगाबाद में सदियों पुराने मकाई (मक्का) गेट के पास टैंक जैसी संरचना पाई गई है। एक अधिकारी ने बताया था कि टैंक जैसी संरचना मिलने के बाद राज्य पुरातत्व विभाग ऐसी संरचनाओं को खोजने के लिए खुदाई करने के लिए प्रेरित हुआ। बता दें, मकाई गेट का निर्माण 17वीं शताब्दी में मुगल काल के दौरान किया गया था। खाम नदी के तट पर स्थित यह गेट औरंगाबाद शहर के चारों ओर निर्मित किलेबंदी का हिस्सा है।

# फिरौती के लिए मासूम को उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

**ठाणे :** महाराष्ट्र में दो बच्चों के अपहरण की घटना सामने आई है। पहले मामले में अपहरण के बाद 23 लाख की फिरौती के चक्कर में आरोपी ने नौ साल के बच्चे को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी उन पैसों से घर बनाना चाहता था।

घटना से जुड़ी जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने कहा कि अपहरणकर्ता ने लड़के के परिवार को फोन किया और उसे रिहा करने के लिए 23 लाख रुपये की मांग की। इस दौरान उसने लड़के के परिजनों से कहा कि वह अपना खुद का घर बनाना चाहता है इसलिए उसे पैसे की जरूरत है, हालांकि यह कहते हुए अपहरणकर्ता ने अचानक फोन कॉट दिया। मामले की छानबीन करने के बाद पता चला कि लड़के की हत्या कर दी गई है।



पुलिस अधिकारी ने कहा कि रविवार को मामले की शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू की गई, लेकिन अपहरणकर्ता का कुछ पता नहीं चला। हालांकि सोमवार दोपहर को बच्चे का शव एक ग्रामीण के घर में एक बोरे में छिपा मिला। अभी स्पष्ट नहीं है कि पकड़ा गया आरोपी ग्रामीण है या कोई ओर। बदलपुर पुलिस स्टेशन के सहायक निरीक्षक गोविंद पाटिल ने कहा कि पुलिस ने हत्या, अपहरण समेत कई धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी ठाणे जिले के बादलपुर के गोरेगांव गांव के उसी इलाके का रहने वाला एक दर्जी है।

# महाराष्ट्र के लिए एनडीए में सीटों के बंटवारे पर सहमति...

## अजित पवार बोले- 28 मार्च को होगा एलान

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और राकांपा प्रमुख अजित पवार ने बताया कि महायुक्ति सभी 48 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि लगभग सभी मुद्दों पर बातचीत हो चुकी है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम ने बताया कि राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे को रायगढ़ लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। मीडिया से बात करते हुए अजित पवार ने कहा, ''कौन किस सीट से चुनाव लड़ेंगे, इस पर फैसला हो चुका है। लगभग 90 फीसदी चीजें तय हो चुकी हैं। अब 28 मार्च को संयुक्त प्रेस



कॉन्फेरेंस के माध्यम से सभी घोषणाएं की जाएगी।''

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम ने कहा, ''महायुक्ति में कोई भ्रम नहीं है। हम एकसाथ बैठे और सीट समझौते पर बातचीत की। सीट समझौते पर भाजपा और शिवसेना ने भी सहयोग दिया। सभी घोषणाएं अब भाजपा और शिवसेना के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फिरेंस में की जाएगी।'' बता दें कि महाराष्ट्र के 48 सीटों पर 19 अप्रैल से 20 मई तक पांच चरणों में लोकसभा चुनाव होने वाला है। नतीजे चार जून को आएंगे। पिछली लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 सीटों पर भाजपा-शिवसेना गठबंधन ने 41 सीटें जीती थी। वहीं राकांपा ने चार, कांग्रेस, एआईएमआईएम और निर्दलीय को महज एक सीट पर जीत मिली।

# महाराष्ट्र के बुलढाणा में होली के दिन दो गुटों में बवाल...

## 15 लोग घायल, 38 लोगों पर FIR, क्या है मामला ?

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के बुलढाणा में होली वाले दिन दो गुटों में जमकर बवाल हुआ. जिले के विठ्ठलवाडी गांव में होली के दिन दो गुट आपस में भीड़ गए हैं. बताया जा रहा है कि छोटे बच्चों में विवाद हुआ था. मारपीट में 15 लोग घायल हो गए हैं और घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है. पुलिस में 38 लोगों पर मामला दर्ज किया है. बुलढाणा के मेहकर तालुका के विठ्ठलवाडी गांव में होली को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि लोगों के बीच मारपीट शुरू हो गौ और जमकर लाठी-डंडे चलने लगे. दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर लाठियों से



हमला किया. इनमें से 5 गंभीर घायलों को बुलढाणा शिफ्ट किया गया है. जैसे ही पुलिस को मारपीट की जानकारी मिली मौके दंगा नियंत्रण टीम भी तैनात कर दी गई. महाराष्ट्र के बुलढाणा में दोनों गुटों में जमकर लाठी-डंडे चले. खबरों के मुताबिक, विवाद बच्चों के बीच शुरू हुआ जो तेजी से बढ़ा और दोनों तरफ से परिवार के सदस्य आ गए. विवाद के बाद हिंसक झड़प हो गई, जिसमें 15 लोग घायल हो गए. फिलहाल पुलिस की टीम झड़प के सही कारण का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है. घायलों को मेहेकर के एक ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है. 5 गंभीर रूप से घायल होने के कारण उन्हें बुलढाणा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सूचना मिलते ही डोननगांव पुलिस गांव पहुंची. इसके बाद पुलिस ने गंभीर रूप से घायलों को बुलढाणा जिला अस्पताल में भर्ती कराया. बाकी घायलों का मेहकर ग्रामीण अस्पताल में इलाज चल रहा है. यहां बता दें, देश में कल लोगों ने धूमधाम से होली खेली और एक दूसरे को इसकी शुभकामनाएं दी.



## फर्जी पासपोर्ट... बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार



**मुंबई:** एक 31 वर्षीय बांग्लादेशी महिला को उत्प्रवासन जांच के दौरान मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोक दिया गया जब अधिकारियों ने देखा कि उसके पास भारतीय पासपोर्ट था और वह ढाका जा रही थी। सहार पुलिस ने आरोपी नूरजहाँ इस्लाम को गिरफ्तार कर लिया, जब हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने पाया कि वह 2020 में कोविड महामारी के दौरान अवैध रूप से पश्चिम बंगाल सीमा के माध्यम से भारत में प्रवेश कर चुकी थी और 2022 में तमन्ना इस्लाम के नाम से भारतीय पासपोर्ट प्राप्त करने में सफल रही।

# भारत ने दिखाई चीन को औकात...

## बीजिंग को पछाड़ मुंबई बना एशिया में नंबर 1

**मुंबई :** इकोनॉमी हो या फिर मैन्युफैक्चरिंग या निवेश का मोर्चा हो. चीन लगातार भारत से पिछड़ता जा रहा है. अब भारत ने एक और मोर्चे पर चीन को मात दी है. इस बार ये मात अरबपतियों की संख्या को लेकर है. भारत के मुंबई शहर ने बिजिंग को पछाड़कर पहली बार एशिया में नंबर 1 की कुर्सी हासिल की है. अब एशिया में सबसे ज्यादा अरबपति बीजिंग में नहीं बल्कि मुंबई में है. इस मामले में मुंबई अब दुनिया का तीसरा बड़ा शहर बन गया है. उससे आगे न्यूयॉर्क और लंदन है. हुरुन रिसर्च की 2024 ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार, मुंबई पहली बार बीजिंग को पीछे छोड़ते हुए एशिया के सबसे बड़े बिलेनियर सेंटर के रूप में उभरा है. भारत की फाइनेंशियल कैपिटल में अब 92 अरबपति हैं, जो बीजिंग के 91 अरबपतियों से आगे निकल गए हैं, इसके बावजूद चीन में भारत के 271 की तुलना में 814 अरबपतियों की संख्या अधिक है. खास बात तो ये है कि अरबपतियों के मामले में मुंबई अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा शहर बन चुका है. सबसे ऊपर न्यूयॉर्क शहर है, जहां पर 119 अरबपति रहते हैं. उसके बाद नंबर लंदन का है, जहां पर 97 अरबपति



हैं. पिछले साल महाराष्ट्र के इस बड़े शहर में पिछले साल 26 नए अरबपति को शामिल हुए. जिससे इस शहर में रहने वाले कुन अरबपतियों की कुल नेटवर्थ 445 बिलियन डॉलर हो गई. जो पिछले वर्ष की तुलना में 47 फीसदी ज्यादा है.

इसके विपरीत, बीजिंग की कुल अरबपतियों की संपत्ति 265 अरब डॉलर है, जिसमें पिछले साल के मुकाबले 28 फीसदी की कमी देखी गई है.

मुंबई के अरबपतियों की नेटवर्थ में इजाफा करने वाले सेक्टर्स में एनर्जी और फार्मास्यूटिकल्स शामिल हैं, जिनमें मुकेश अंबानी जैसे बिजनेस टाइकून की दौलत में जबरदस्त इजाफा देखने को मिला. मुंबई के बिलेनियर एलीट में, रियल एस्टेट दिग्गज मंगल प्रभात लोढ़ा और परिवार की नेटवर्थ में सबसे ज्यादा 116 फीसदी का इजाफा देखने को मिला. वैसे ग्लोबली, भारतीय अरबपतियों की रैंकिंग में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले. मुकेश अंबानी ने 10वें स्थान पर अपनी मजबूत स्थिति बरकरार रखी है, जिसका श्रेय काफी हद तक रिलायंस इंडस्ट्रीज की सफलता को जाता है. नेटवर्थ में इजाफा होने के कारण गौतम अडानी आठ स्थान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं. सन फार्मास्यूटिकल्स के दिलीप सांघवी और कुमार मंगलम बिड़ला की नेटवर्थ बढ़ी है. एचसीएल के शिव नादर और परिवार की नेटवर्थ और ग्लोबल रैंकिंग में इजाफा देखने को मिला है. शिव नादर 16 स्थान ऊपर चढ़कर 34वें स्थान पर पहुंच गए.

# मुंबई क्राइम ब्रांच का अफसर बनकर से 8.49 लाख रुपए ठगे...

## UPPCL के प्रशासनिक अधिकारी पद से सेवानिवृत्त हैं पीड़ित महिला

**मुंबई :** मुंबई क्राइम ब्रांच का अफसर बनकर साइबर ठगों ने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) से प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त उर्मिला पांडेय से 8.49 लाख रुपये की ठगी कर ली। यही नहीं, उन्हें 800 करोड़ रुपये के मनी लांड्रिंग मामले में संदिग्ध बताकर हाउस अरेस्ट जैसी स्थिति बना दी। साइबर थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। उर्मिला पांडेय ने बताया कि सात मार्च को मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच आफिसर राकेश मिश्रा बताया। कहा कि आपके आधार नंबर से 15 फरवरी, 2024 को सिम खरीदा गया था। इस नंबर से फंड ट्रांसफर से संबंधित टैक्स मैसेज किए




जा रहे हैं। जांच करने पर पता चला कि मुंबई जेल में बंद संदीप सोढ़ी के पास आपकी समेत कई आईडी मिली हैं। आपके मोबाइल नंबर पर लगातार पैसों के ट्रांसफर की सूचना भेजी जा रही है। यह केस 800 करोड़ की मनी लांड्रिंग से संबंधित है। यह आपको कमीशन भी भेज रहा है। आपकी कॉल रिकार्डिंग पर है।

कहा कि जांच के दौरान आपको न कहीं जाना है और ना ही किसी को कुछ बताना है। जानकारी लीक होते ही आपको गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एक ई-मेल एड्रेस मैसेज करते हुए बोला कि जो भी जानकारी देनी है, इसी पर दें। यदि आपका खाता एचडीएफसी बैंक में नहीं है तो आपको क्लियरेंस सर्टिफिकेट मिल जाएगा। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो को एक कॉपी भेजी जानी है। एक हमारे ऑफिस में रखी जाएगी, जो पुलिस विभाग की तरफ से माफीनामा होगा। ठगों ने विश्वास में लेने के बाद खाते की डिटेल मांगी। उन्होंने मुंबई के पंवई स्थित पीएनबी का खाता नंबर दे दिया और उसमें रुपये स्थानांतरित करने के लिए कहा। साइबर ठगों के झांसे में आकर उर्मिला पांडेय ने 8.49 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। साइबर थाना के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पता लगाया जा रहा है कि कॉल कहां से आई थी और धनराशि किसके खाते में गई है।

## विदेशी सामान की तस्करी करने वाले दो पुलिसकर्मी 27 साल बाद रिहा

**मुंबई :** मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने हाल ही में हवाई अड्डे की सुरक्षा प्रणाली के दो पुलिस कांस्टेबलों को विदेशी सामानों की तस्करी करके सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने की कोशिश के मामले में बरी कर दिया, जबकि 27 साल बाद, मजबूत सबूतों के अभाव में अनधिकृत आयात पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। सीमा शुल्क अधिनियम और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार, हवाईअड्डा क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त के नेतृत्व वाली भरारी टीम को गोपनीय जानकारी मिली थी। तदनुसार, 27 जुलाई, 1993 को इस टीम ने पुलिस जीप संख्या **BLF-5098** का पीछा किया। उस जीप में पुलिस कांस्टेबल उत्तम कदम और संजय शिर्के के साथ खांडेराव गर्जे और शंकर कुंभार भी थे.

# मुंबई में 6 मंजिला इमारत में अचानक लगी आग...

## अंदर मौजूद थे 50 लोग, आनन-फानन में निकाले गए बाहर...

**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के उपनगरीय मुलुंड इलाके में छह मंजिला कॉर्पोरेट इमारत में मंगलवार सुबह आग लग गई. हालांकि गनिमत यह रही कि इमारत में मौजूद करीब 50 लोगों को वक्त रहते वहां से सुरक्षित निकाल लिया गया. अधिकारियों ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया, नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि आग मंगलवार सुबह करीब 9.25 बजे छठी मंजिल पर लगी और इमारत में धुआं भरने की वजह से विभिन्न मंजिलों पर ये लोग फंस गए थे.

अधिकारी ने कहा कि आसपास आग फैलने के कारण वहां के लोगों को सीढ़ियों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया. उन्होंने कहा, 'अभी तक किसी के घायल होने की कोई खबर



नहीं है.' एक अन्य अधिकारी ने बताया कि एलबीएस रोड पर स्थित एवियर कॉर्पोरेट पार्क के छठे तल पर आग लग गई थी. उन्होंने कहा कि आग से इमारत के तारों, बिजली के उपकरणों, एसी, लकड़ी के फर्नीचर और आधिकारिक दस्तावेजों को काफी नुकसान पहुंचा है. अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने के लिए कम से कम चार दमकल वाहन मौके पर पहुंच गए. उन्होंने कहा कि मुंबई पुलिस, बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) और अन्य एजेंसियों के कर्मियों को मौके पर भेजा गया है.

# ठाणे में नाबालिग लड़के को कथित तौर पर धार्मिक नारे लगाने के लिए मजबूर किया गया, पुलिस मामला दर्ज किया गया

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे में एक 11 वर्षीय लड़के को कथित तौर पर धार्मिक नारे लगाने के लिए मजबूर किया गया, पुलिस ने मंगलवार को कहा। मीरा रोड पुलिस के अनुसार, महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कथित तौर पर एक अन्य लड़के को नारा लगाने के लिए मजबूर करने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई थी। यह घटना तब सामने आई जब 11 वर्षीय लड़के के पिता ने सोमवार शाम को पुलिस से संपर्क किया और आरोप लगाया कि उनके बेटे को नाबालिगों के एक समूह ने धार्मिक नारे लगाने के लिए मजबूर किया था। मीरा रोड पुलिस के अनुसार, ''रात लगभग 9.30 बजे घर लौटते समय, उन्होंने कहा कि उनके बेटे ने एक समुदाय के नारे के साथ कुछ लोगों का स्वागत किया और कुछ ही क्षण बाद, एक समूह ने उन्हें रोका और उन्हें दूसरे समुदाय



का नारा लगाने के लिए मजबूर किया।'' पुलिस ने कहा कि सीसीटीवी में दिख रहे पांच लड़कों की पहचान कर ली गई है और उन्हें समन भेजकर उनके बयान दर्ज किए जाएंगे. धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 448, 295-ए, 153(1), 143, 37(1) (सी) और 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है। महाराष्ट्र बीजेपी विधायक नितेश राणे ने कहा कि पुलिस वहां अपना काम कर रही है. राणे ने कहा, ''मुझे वीडियो मिला और यह वाकई दुखद है। पुलिस वहां अपना काम कर रही है।'' इस बीच, महाराष्ट्र के बीड में एक अलग घटना में , एक मस्जिद की दीवार पर एक धार्मिक नारा लिखा हुआ पाया गया, अधिकारियों ने मंगलवार को कहा। एसडीपीओ धीरज कुमार ने कहा, '' मरकज मस्जिद की दीवार पर नारा लिखे जाने की घटना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'' आगे की जांच चल रही है.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com